## एक नजर में

### बड़वाह में अमर पार्श्व गायक मो.रफी साहब को संगीतमय श्रद्धांजली दी



**बड़वाह, निप्र।** नर्मदा मालवा सांस्कृतिक कला मंच ने संगीमय प्रस्तुतियां देकर महान गायक मो.रफी सा.को सुरमयी श्रद्धा सुमन अर्पण किये। कार्यक्रम के शुभारंभ मे प्रेरणास्रोत संरक्षक मा.कपिल तिवारी गडबड़ व विशेष अतिथिगण शिक्षक- मा.जितेंद्र गढ़वाल व से.नि.शिक्षक मा.राजेश पाटीदार कविवर ने महान रफी सा.के छाया चित्र को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके वंदन किया। तत्पश्चात कपिल तिवारी ने विभिन्न गायककार व संगीतकारो से रूबरू मिलने के संग्रहित छायाचित्रों का एलबम का प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम शुभारंभ मे भजन व फिल्मी कराओके गायक व कलामंच अध्यक्ष- मा.मनोज शर्मा व सुश्री प्रिया चक्रवेदी के संग युगल गणेश वंदना प्रस्तुत की। सुरमयी संगीत सफर का सुमधुर संचालन दायित्व शिक्षक-पुष्पेन्द्र रावल ने निभाया। विगत एक माह से निरंतर संगीत की पाठशाला से गायको के स्वरो को निखारा गया। राजेश मोरी ने ऐ मेरे दोस्त लौट के..शानदार नगमा सुनाया। इस कलामंच का उद्देश्य है उदीयमान गायको को इस संगीत पाठशाला के द्वारा उनके निखारना व बड़े मंचो पर अवसर प्रदान कराना है। कार्यक्रम मे सभी गायको को दो से तीन बेहतरीन नगमे सुनाने का सुनहरा अवसर दिया गया। आगामी दिनो मे हरफनमौला किशोर दा को उनकी जयंती पर कराओके गानो का सजीले सुरम्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा एवं स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों को देशभक्ति गीतो से शहर के मुख्य चौराहे पर सुरमयी नमन किया जायेगा। इस कार्यक्रम मे सुपर सिंगर शिक्षक संतोष कोचले.डा.अवकेश मालवीय.शरद गंगवाल.गौरीशंकर शर्मा.इत्यादि संगीत प्रेमी पधारे थे। आभार अंकुर तिवारी ने माना।

### एकिकृत शास, मा,वि, दयालपुरा में भृत्य पद पर पदस्थ गणेश भार्गव हुए सेवानिवृत्त



**खरगोन।** विकास खंड गोगावां के तहत एकीकृत शास, माध्यमिक विद्यालय दयालपुरा में भृत्य पद पर सेवाएं देने वाले गणेश भार्गव का गुरुवार 31 जुलाई 2025 को सेवाकाल समाप्त हो गया। जिन्हें सम्मान पुर्वक स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित समस्त स्टाफ द्वारा विदाई दी गई। बता दें कि गणेश भार्गव चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी होकर 1990 से दैनिक वेतन भोगी रेगुलर कर्मचारी के रूप में पदस्थ होकर लगभग 35 कि सेवा रेगुलर कंटीजेंसी के रूप में सेवाएं प्रदान करके गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए। जहां 35 वर्ष के सेवाकाल में 5 वर्ष माध्यमिक विद्यालय लाखी में भी सेवाएं प्रदाय कि जिसके बाद दयालपुरा में हि अपना शेष सम्पुर्ण कार्यकाल समाप्त किया। विगत कहीं वर्षो से नियमित होने को लेकर कोर्ट के माध्यम से केस जितकर विभाग को आदेश ज़ारी कर दिया गया है बावजूद वर्तमान में नियमिति करण हेतु अब तक इंतजार में हैं जबकि कोर्ट द्वारा रेगुलर भृत्य के आदेश भी विगत छः माह से ज़ारी किया गया है किन्तु विभाग कि लापरवाही के चलते अभी तक नियमितिकरण का लाभ नहीं मिल पाया, और अंततः सेवानिवृत्त हो गए। गणेश भार्गव स्वभाव से ही सरल सहज एवं मिलनसार होकर स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित समस्त स्टाफ का मन जित लेते थें जहां स्कुल में साफ सफाई और स्वच्छता से स्कुल कों सेवाएं प्रदान कि उनके सेवानिवृत्त होने पर विद्यार्थि एवं स्कूल स्टाफ भावुक हो गए। जहां गुरुवार को उन्हें सहसम्मान पुर्वक विदाई दी। विदाई के समय स्कूल प्रधान पाठक श्री महेन्द्रसिंह चौहान, प्रेमचंद चौहान युडीटी, मंशाराम चौहान शिक्षक, जफरुल्ला खान, निशा पंवार मेडम शिक्षिका, रंजिता चौधरी मेडम शिक्षिका, शिला रोकड़े मेडम शिक्षिका, सहीत रवि आर्य, सोहनी मेडम, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### तहसील परिसर में हुआ पौधरोपण...



**भीकनगांव-** तहसील कार्यालय में आज अपर सत्र न्यायाधीश श्री केके निनामा के द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान तहसीलदार रविन्द्र सिंह चौहान सहित समस्त स्टाफ एवं जनप्रतिनिधि मौजुद रहे।

### प्रधान जिला न्यायाधीश ने पंच-ज अभियान के तहत जिला न्यायालय परिसर में किया पौधारोपण

**खरगोन।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार पंच-ज अभियान के अंतर्गत पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से 15 जुलाई से 15 सितंबर 2025 तक वृहद वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसी के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर श्री अखिलेश जोशी की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर में पौधारोपण किया गया। जिसमें न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तओं पौधे रोपित किये गये। वृक्षारोपण कार्यक्रम में श्री पंकज सिंह माहेश्वरी प्रधान जिला न्यायाधीश, कुटम्ब न्यायाल, श्री मसूद एहमद खान, विशेष न्यायाधीश, श्री विजय जोशी, अध्यक्ष अभिभाषक संघ मण्डलेश्वर, श्री सुजीत कुमार सिंह, चतुर्थ जिला न्यायाधीश, श्री राजुकुमार चौहान, प्रथम जिला न्यायाधीश, श्री रवि झारोला, तृतीय जिला न्यायाधीश, श्री दीपक चौधरी, द्वितीय जिला न्यायाधीश, सुश्री प्रीति जैन, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री मोहित बड़के, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, सुश्री शिवांगनी भट्ट व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, श्री चन्द्रेश मण्डलोई, जिला विधिक सहायता अधिकारी एवं न्यायिक पदाधिकारी, अभिभाषक संघ से श्री टी.सी. पाटीदार, पुष्पेन्द्र गंगारेकर, वर्षा शुक्ला, श्री लवकेश हिरवे सहित बार के अधिवक्तागण, एडीओपी श्री प्रकाश सोलंकी, प्रदीपसिंह अलावा, विजय जमरे एवं एलएडीसीएस श्री रूपेश शर्मा, सुश्री निशा कौशल सहित न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### शाहनवाज और आसिफ पर की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**खरगोन।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री भव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा के प्रतिवेदन पर मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम-1990 के तहत आपराधिक गतिविधियों में लिप्त सनावद थाना क्षेत्र के सगडियावं निवासी 21 वर्षीय शाहनवाज पिता इस्माईल एवं 36 वर्षीय आसिफ पिता पिता अंजम खान पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। शाहनवाज

# बीएड की छात्राओं से पास करवाने के बदले मांगे पैसे

## उमिया कॉलेज की प्राचार्य निलंबित, विद्यार्थी परिषद ने किया चक्काजाम और कॉलेज पर जड़ा ताला

नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र। निजी शिक्षण संस्थानों में फीस के नाम पर लूट की शिकायतें आम बात है यह पैसा प्रबंधन की जेब में जाता है इसमें प्राचार्य को कुछ नहीं मिलता इस समस्या का हल ढूंढा उमिया कन्या शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अलका पाठक ने उसने अपने एक कर्मचारी की सहायता से बी एड में फेल हुए विद्यार्थियों को फोन करवाकर उनसे पास करवाने के एवज में पैसे की मांग की।जिसकी शिकायत पर हंगामा हुआ।**




घटना गुरुवार की हैं बी एड में एटीकेटी या एक सब्जेक्ट में फेल हुई छात्राओं को कॉलेज के ग्रंथपाल महेश पवार द्वारा पास करवाने की गारंटी देकर पैसे की मांग की।छात्राओं ने इसकी शिकायत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से की।इसके बाद परिषद के जिला संयोजक रौनक सोनी द्वारा पुलिस थाने में इसकी जानकारी दी गई गुरुवार को यह मामला सामने आने के बाद शुक्रवार छात्र कॉलेज पहुंच गए जहां प्राचार्य डॉ अलका पाठक ने विद्यार्थियों के आरोप नकारते हुए उनके साथ बदतमीजी की इसके बाद गुस्साए छात्रों ने पहले धामनोद बड़वाह मार्ग फिर कॉलेज गेट पर धरना दे दिया।

### ५० छात्राओं ने लगाए प्राचार्य पर आरोप

बी एड करने वाली छात्राओं ने प्राचार्य डॉ अलका पाठक पर दुर्व्यवहार के आरोप भी लगाए है।छात्राओं का कहना है कि कोलेज में प्रेक्टिकल फाइल नहीं बनाने कॉलेज नहीं आने पर फाइन लिया जाता है व्यक्तिगत उपहार मांगें जाते है बदतमीजी से बात की जाती है।कुछ स्टूडेंट ऐसे भी है जो प्रथम श्रेणी में पास हो रहे थे उनको भी चौथे सेमिस्टर में फेल किया गया है यह सब एक षड्यंत्र लगता है।जिसमें पहले फेल करो फिर पैसे लेकर पास करवा दो इस षड्यंत्र में विश्व विद्यालय का भी कोई कर्मचारी शामिल है।

### प्रशासन के दखल के बाद किया निलंबित

छात्रों के धरना देने के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ एस डी एम और थाना प्रभारी ने उमिया ट्रस्ट के प्रबंधक ट्रस्टी और पदाधिकारियों के साथ छात्र नेताओं की चर्चा करवाकर मामले का पटाक्षेप किया।बैठक के बाद आरोपी प्राचार्य डॉ अलका पाठक और ग्रंथपाल महेश पवार को निलंबित करने के आदेश जारी किए गए।साथ ही छात्राओं के लिखित बयान भी लिए गए।

## क्षेत्रीय खेल एवं स्किल गतिविधियों में पैरामाउंट का उत्कृष्ट प्रदर्शन




नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र।** श्री निमाड़ पाटीदार एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित सीबीएसई विद्यालय पैरामाउंट अकेडमी कसरावद के बच्चों का सीबीएसई की क्षेत्रीय गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन। विद्यालय के खेल प्रभारी मुकेश वर्मा ने बतलाया कि सीबीआई वेस्ट जोन शतरंज प्रतियोगिता में पैरामाउंट कसरावद के बच्चों का चयन जोनल प्रतियोगिता में टी टी एस स्कूल मुरैना के लिए हुआ।इस प्रतियोगिता का आयोजन में गुजरात, राजस्थान और मध्यप्रदेश के चयनित खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी रणनीतिक सोच और मानसिक मजबूती का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

इस प्रतिस्पर्धा में पैरामाउंट एकेडमी, कसरावद के अंडर-17 वर्ग के तीन छात्र—स्वास्तिक दवाड़े, सौम्य शर्मा और टीम के कप्तान अर्पण पाटीदार—ने सक्रिय भागीदारी कर विद्यालय और जिले का नाम गौरवान्वित किया।टीम प्रदर्शन की बात करें तो कप्तान अर्पण पाटीदार एवं स्वस्तिक दवाड़े ने शानदार खेल दिखाते हुए 3 अंक अर्जित किए।

विद्यालय प्रबंधन और प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस बहुआयामी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को दर्शाती है, बल्कि यह सिद्ध करती है कि विद्यालय के मार्गदर्शक प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश पाटीदार के नेतृत्व में पैरामाउंट एकेडमी के छात्र लगातार नए आयाम छू रहे हैं।

विद्यालय परिवार विद्यार्थियों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देता है।

### 0000000

वहीं सौम्य शर्मा ने 2 अंक अर्जित कर टीम के योगदान में अहम भूमिका निभाई। 26 से 30 जुलाई तक आयोजित प्रतियोगिता में टीम को 8 अंक प्राप्त हुए। इसी क्रम में बच्चों में कौशल विकास के दृष्टिकोण से सीबीएसई ने स्किल एक्सपो 2025 का आयोजन 30 जुलाई को ग्वालियर ग्लोरी हाई स्कूल ग्वालियर में हुआ। इसमे सीबीएसई के भोपाल क्षेत्र के 1600 विद्यालयों में से श्रेष्ठ 30 विद्यालयों के बच्चों का चयन हुआ। आयोजन प्रभारी अमर सिंह ने बतलाया कि इस एक्सपो में पैरामाउंट के दो विद्यार्थियों—अर्पण पाटीदार और सौम्य शर्मा—ने [illegible] विषय पर शानदार प्रस्तुति दी। प्रोजेक्ट में मेंटर श्री बबलू वर्मा ने बतलाया कि बच्चों ने [illegible] द्वारा नियुक्त माननीय निर्णायकगण डॉ. सचिन टिकार और डॉ. प्रकाश बाजपेई के सभी प्रश्नों के उत्तर न केवल आत्मविश्वास के साथ दिए, बल्कि उनके व्यावहारिक उत्तरों और प्रस्तुति कौशल ने निर्णायकों का ध्यान लगभग 10 मिनट तक पूरी तरह खींचे रखा।



## आज जिले के प्रवास पर रहेंगे मुख्यमंत्री, कलेक्टर और एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का दौरा

**खरगोन।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को जिले के प्रवास पर होंगे। वे निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ग्राम गोवाड़ी स्थित अभ्युदय विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। यहां श्रीराम मंदिर के लोकार्पण महोत्सव में शामिल होने के बाद विद्यार्थियों से संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल और हेलीपैड का दौरा किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर ग्रीनरूम, साउंड, प्रकाश, पावर बैकअप, बैठक और भोजन व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक ने एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और तड़ित चालक के प्रबंध तथा ट्रैफिक व्यवस्था के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश जारी किए। इस दौरान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अनुविभागीय दंडाधिकारी बीएस कलेश सहित पुलिस व जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## परखी पुलिस की सतर्कता, एसपी ने किया जनरल परेड का निरीक्षण

**खरगोन।** आगामी त्यौहारों सहित स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों से पूर्व पुलिस महकमे में सतर्कता, अनुशासन एवं टीम भावना का निरीक्षण करने के लिए जनरल परेड का आयोजन किया गया। पुलिस लाईन में सुबह 6 बजे पुलिसकर्मी एकत्रित हुए। एसपी धर्मराज मीना ने परेड का निरीक्षण किया। अच्छे टर्न आउट वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहन के लिए पुरस्कृत भी किया गया। एसपी मीना ने बताया कि पुलिस विभाग में अनुशासन बनाये रखने के लिये नियमित परेड का महत्वपूर्ण योगदान है। पुलिस फोर्स में परेड को अनुशासन की जड़ माना जाता है, परेड होने से पुलिस फोर्स में अनुशासन के साथ ही एक साथ टीम के रूप में कार्य करने की क्षमता बढ़ती है। इसी को लेकर जनरल परेड का आयोजन किया गया। जनरल परेड में एएसपी शकुन्तला रुहल, जिले के 03 एसडीओपी, डीएसपी, समस्त चौकी, थाना प्रभारी, पुलिस लाइन व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लगभग 128 पुलिसकर्मी शामिल हुए।

### 5 पुलिसकर्मियों को दी ससम्मान विदाई

**खरगोन।** सेवानिवृत्ती की आयु पूर्ण करने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें डीएसपी राधेश्याम चौहान, उनि अजय सिंह चौहान, सउनि बद्रीलाल परमार, सउनि नंदकिशोर सिसोदिया, प्रआर विश्राम सिंह भोरे को एसपी धर्मराज मीना ने शॉल-श्रीफल भेंट कर किए गए सेवा कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों के परिवारजन सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

## 20 दिन में तीसरी बार हाईवे पर किया चक्काजाम प्रदर्शन, फिर टोकन लेकर लौट

नवभारत न्यूज

**खरगोन। जिले में यूरिया खाद नही मिलने से किसानों का प्रदर्शन जारी है। यूरिया खाद के लिए शुक्रवार को किसानों ने तीसरी बार बिस्टान नाके पर धरना प्रदर्शन कर चक्काजाम किया। करीब आधे घंटे चले प्रदर्शन के बाद इस बार भी केवल टोकन लेने भर से उन्हें संतुष्ट होना पड़ा।**



सुबह करीब 11 बजे उमरखली रोड़ स्थित विपणन केंद्र पर खाद बिक्री काउंटर खुला, कुछ किसानों को खाद देने के बाद जैसे ही कर्मचारियों ने खाद खत्म होने की बात कही, कतार में लगे किसान आक्रोषित हो गए। नारेबाजी करते हुए बिस्टान नाके पर पहुंच गए। यहां बीच सड़क बैठकर खाद की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंचे कृषि उप संचालक एसएस राजपुत ने किसानों को समझाईश दी। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता लोकेंद्र सिंह रावत भी पहुंचे। उन्होंने भी प्रदर्शन कर रहे किसानों से क्षेत्रीय बोली में चर्चा की। कृषि उप संचालक एसएस राजपुत ने किसानों को समझाईश देते हुए कहा कि जल्द ही खाद पहुंचने वाली है, सभी को खाद मिलेगी। इसके बाद धरना प्रदर्शन खत्म कर किसान वापस विपणन केंद्र पहुंचे, जहां टोकन दिए गए।

## राठौड़ बने क्षत्रिय युवा सेना के जिला अध्यक्ष



**खरगोन।** शहर के सक्रिय समाजसेवी गोविंद राठौड़ को समाज के क्षत्रिय राठौर युवा सेना का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेशाध्यक्ष किशोर राठौड़ की अनुशंसा पर की गई है। इस नियुक्ति पर राठौर समाज के नगर अध्यक्ष रामचन्द्र राठौर, प्रगतिशील समिति के अध्यक्ष मिश्रीलाल राठौड़, समाज के वरिष्ठ सुन्दरलाल राठौर, शांतिलाल राठौर, राठौर समाज के युवा अध्यक्ष अक्षय राठौड सहित युवा साथी प्रकाश, कपिल, विशाल, अंतिम, अरूण, तपन राठौड़ ने खुशी जताते हुए बधाई दी है। अपनी नियुक्ति पर गोविंद ने प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि वह संगठन की मंशा अनुसार समाज में एकजुटता बनाए रखने के साथ ही सामाजिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। सकल हिन्दु समाज अध्यक्ष बबलु पाल ने राठौर को बधाई देते हुए कहा कि समाज ओर सामाजिक कार्यो में सक्रियता से कार्य करें।

**एक नजर में** | **पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2025**

## विद्यार्थियों ने परखा पर्यटन, धार्मिक एवं सांस्कृतिक ज्ञान, मिलेगा घुमने का मौका

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** पर्यटन के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल एवं जिला पंचायत सीईओ श्री आकाश सिंह के निर्देशन में शहर के उत्कृष्ट स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में जिले की 160 शासकिय एवं निजी स्कूलों के 480 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेकर पर्यटन, प्रदेश की सांस्कृतिक, धार्मिक स्थलों के प्रति अपने ज्ञान को परखा। प्रत्येक स्कूल से 3.3 छात्र को लिया गया था। प्रतियोगिता में 3 चयनित विद्यार्थियों को प्रदेश के किसी एक पर्यटन स्थल पर शासन स्तर पर घूमने का मौका मिलेगा।




प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी श्री नीरज अमझरे ने बताया कि दो चरण में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने लिखित और मल्टी मीडिया राउंड में हिस्सा लेकर प्रतियोगिता में स्थान बनाने का प्रयास किया। सुबह 10 बजे से 12 बजे तक लिखित प्रतियोगिता हुई। जिसमें जिले की 06 टीम सलेक्ट हुई। दूसरा चरण 2.30 से 4.30 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें ऑडियो व वीडियो के माध्यम से धार्मिक, पर्यटन स्थलों के साथ ही सांस्कृतिक धरोहरों से संबंधित सवाल-जवाब किए गए। यह सवाल केबीसी की तर्ज पर क्वीज मास्टर अमित शर्मा ने प्रतिभागियों से पूछे।

### यह रहे प्रतियोगिता के विजेता

दोनों चरणों में संपन्न हुई प्रतियोगिता के बाद शाम 5 बजे परिणाम घोषित किए गए। स्कोरर श्री डीएल गुप्ता एवं श्री संन्तोष आलीवाल ने बताया कि स्पर्धा में सीएम राईज स्कूल महेश्वर विजेता रही, द्वितीय विजेता भक्तानंद सरस्वती एजुकेशन पार्क महेश्वर और तृतीय विजेता टीम सागर एकेडमी महेश्वर रही। इन टीमों के प्रतिभागियों को दो दिन और तीन रात का पर्यटन टूर पर जाने का मौका मिलेगा। जबकि उपविजेता संस्कार वैली करही, द्वितीय उपविजेता सीएम राईज बिस्टान और तृतीय उपविजेता बापना पब्लिक स्कूल गोगावां की टीम रही। इन टीमों के प्रतिभागियों को एक रात और दो दिन का भ्रमण अवसर मिलेगा। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य श्री राजेन्द्र पाटीदार और श्री लोकेंद्र शाह ने मेडल एवं प्रमाण-पत्र वितरित कर प्रोत्साहित किया।